UNIVERSITY NEWS 20 NOVEMBER 2026

DAINIK JAGRAN

लवि में पीएचडी के साक्षात्कार 23 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग मे पूर्णकालिक पीएचडी (2026-27) के अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार 23 नवंबर को सुबह 10 बजे होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी के अनुसार अभ्यर्थियों को सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रति, स्वप्रमाणित छायाप्रति, पीएचडी सिनाप्सिस और प्रेजेंटेशन लाना होगा। वि.

लवि को वैश्विक रैंकिंग में मिला स्थान

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करते हुए टाइम्स हायर एजुकेशन की इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2027 में 501–600 का वैश्विक रैंक बैंड प्राप्त किया है। श्मिट साइंस फेलोज के सहयोग से जारी इस रैंकिंग में 102 देशों के 1,058 उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन किया गया। लवि का समग्र स्कोर 35.7 से 38.3 के बीच रहा। मूल्यांकन के तीन प्रमुख आयामों में विश्वविद्यालय को प्रासेस में 45.8, आउटपुट्स में 35.3 और इनपुट्स में 35.2 अंक मिले। प्रासेस श्रेणी में प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी के सामूहिक प्रयासों को दिया। वि.

AMRIT VICHAR

लविवि को मिली इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग में जगह

लखनऊ, अमृत विचार : उच्च शिक्षा और अंतर्विषयी वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। वैश्विक रैंकिंग एजेंसी टीएचई द्वारा श्मिट साइंस फेलोज के सहयोग से जारी ''इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2027'' में विश्वविद्यालय को 501–600 के वैश्विक रैंक बैंड में स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने 35.7–38.3 का समग्र स्कोर अर्जित किया है। इस वर्ष रैंकिंग में 102 देशों एवं क्षेत्रों के कुल 1,058 उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन किया गया था।

AMAR UJALA

लविवि : पीजी परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि ने शैक्षिक सत्र 2026-27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए कुछ और विषयों की समय-सारिणी जारी कर दी है। पीजी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं एक दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम और किसी भी बदलाव के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in देख सकते हैं। वहीं, अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र विभाग में एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की इंटर्नशिप प्रोजेक्ट रिपोर्ट का मूल्यांकन और मौखिक परीक्षा (वायवा) 26 नवंबर को होगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसके अलावा समाज कार्य विभाग में पूर्णकालिक पीएचडी सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए 23 नवंबर को अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन और साक्षात्कार होगा। इसके लिए सभी अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे विभाग में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

कुलसचिव से मिले टैबलेट से वंचित छात्र

लखनऊ। लखनऊ विवि में टैबलेट वितरण से वंचित छात्रों की समस्या को लेकर एनएसयूआई तीन दिवसीय अभियान चलाएगी। इसके तहत 20 से 22 नवंबर तक गांधी पार्क स्थित गांधी प्रतिमा के पास ऐसे विद्यार्थियों के नाम दर्ज किए जाएंगे, जिन्हें अब तक डिवाइस नहीं मिला है। बुधवार को एनएसयूआई के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा से मुलाकात कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता हर्षित शुक्ला ने बताया कि कुलसचिव ने डिवाइस न पाने वाले विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। (माई सिटी रिपोर्टर)

टॉपर्स सूची में लविवि के विद्यार्थी

लखनऊ। लखनऊ विवि के विद्यार्थियों ने स्वयं-एनपीटीईएल की जुलाई-दिसंबर 2026 परीक्षा की अखिल भारतीय टॉपर्स सूची में जगह बनाकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। इस उपलब्धि में शिक्षक डॉ. विद्यानंद तिवारी भी शामिल हैं। वहीं, अंतर्विषयी वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) की इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2027 में लखनऊ विवि को वैश्विक स्तर पर 501-600 के रैंक बैंड में जगह मिली है। रैंकिंग में 102 देशों और क्षेत्रों के 1058 उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन किया गया। विवि को 35.7 से 38.3 तक का समग्र स्कोर प्राप्त हुआ है। (माई सिटी रिपोर्टर)

बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए फिर खुलेगा पोर्टल

माई सिटी रिपोर्टर

13070 विद्यार्थियों का पंजीकरण 8710 का ही हो सका सत्यापन

लखनऊ। छात्रवृत्ति के लिए बायोमीट्रिक सत्यापन नहीं करा पाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को राहत मिलने की उम्मीद है। विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रयासों के बाद समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति पोर्टल को दोबारा शुरू करने का आश्वासन दिया है। इससे बायोमीट्रिक अग्रसारण नहीं हो पाने के कारण छात्रवृत्ति प्रक्रिया से वंचित रह गए विद्यार्थियों को एक और मौका मिल सकता है।

लखनऊ विवि से मिली जानकारी के अनुसार, कुल 13070 छात्रों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है जिसमें से 10843 ने ही आवेदन का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) विवि को उपलब्ध कराया है। इसमें से 8710 छात्रों का बायोमीट्रिक सत्यापन किया जा चुका है। 2133 छात्रों का सत्यापन नहीं हो सका है।

विवि की ओर से एक दिन में अधिकतम 500 से अधिक आवेदनों का सत्यापन मुश्किल है। कम से कम एक सप्ताह के लिए पोर्टल खोला जाए, तब जाकर सभी की बायोमीट्रिक हो सकेगी। इसके अलावा 2227 छात्र ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक आवेदन का प्रिंटआउट नहीं जमा किया है। अगर विवि की ओर से इन छात्रों को भी मौका दिया जाएगा तो उसमें भी अतिरिक्त समय लग सकता है।

लविवि की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी अपील में सत्र 2026-27 में अध्ययनरत ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी दी गई है, जिनका छात्रवृत्ति संबंधी पोर्टल पर बायोमीट्रिक अग्रसारण नहीं हो पाया है। विवि प्रशासन पोर्टल दोबारा खुलवाने के लिए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लगातार संपर्क में है। विभागीय अधिकारियों ने पोर्टल पुनः शुरू करने का आश्वासन दिया है।

वहीं, शिक्षण संस्थानों की हीलाहवाली से अनुसूचित जाति, सामान्य, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के करीब 20 हजार छात्रों का बायोमीट्रिक सत्यापन और विवरण अटक गया है। अब संस्थानों को पोर्टल दोबारा खुलने का इंतजार है।

AMAR UJALA

लखनऊ विवि की 146 रन से जीत

संवाद न्यूज एजेंसी

नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में दूसरी जीत हासिल की। लखनऊ यूनिवर्सिटी ने वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी को 146 रन से शिकस्त दी। दूसरी ओर सीएसजेएम कानपुर, राजा महेंद्र प्रताप, महर्षि और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते।

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 195 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 49 गेंदों पर 65 रन बनाए। आदि आदेश और आयुष ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। जवाब में वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी की टीम 13.5 ओवर में 49 रन पर सिमट गई। एलयू के कप्तान नमन तिवारी ने दो ओवर में मात्र तीन रन देकर चार विकेट झटके जबकि शौर्य सिंह को तीन विकेट मिले।

एनईआर स्टेडियम पर सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी ने गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी को तीन विकेट से हराया। आरआर स्टेडियम पर राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी ने श्रेयांश प्रताप सिंह के तूफानी शतक और अमित बघेल व अमन सोनी के अर्धशतकों की मदद से मां पातेश्वरी यूनिवर्सिटी को 177 रन से हराया।

रुद्रांश क्रिकेट अकादमी मैदान गोमतीनगर पर हुए मुकाबले में महर्षि यूनिवर्सिटी ने श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिचेन्त्री यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से पराजित किया। केए क्रिकेट मैदान जानकीपुरम पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने गलगोटिया यूनिवर्सिटी को पांच विकेट से शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा ने क्लस्टर यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू को 85 रन से हराया।

महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी को 85 रन से शिकस्त दी। जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी ने आईके गुजरात टेक्निकल यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से पराजित किया, जबकि चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी ने दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी को दो विकेट से हराया।

मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी ने सोभान सिंह जीना यूनिवर्सिटी को आठ विकेट से और एचएनबी गढ़वाल यूनिवर्सिटी ने बीआर अंबेडकर यूनिवर्सिटी को तीन विकेट से शिकस्त दी। एफएस यूनिवर्सिटी ने गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी को दो विकेट से, हरियाणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने गुरुग्राम यूनिवर्सिटी को 55 रन से और एचबीटीयू ने दून यूनिवर्सिटी को तीन विकेट से हराया।

50 साल बाद मिले दोस्त तो सजी यादों की पाठशाला



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में बृहस्पतिवार को 1976 बैच के पूर्व छात्र 50 साल बाद पुनर्मिलन के लिए जुटे। यह स्वर्ण जयंती कार्यक्रम विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह के तहत आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने विभाग को आरओ जलशोधक और वाटर कूलर भेंट किया, जिसका उद्घाटन कुलपति जेपी सैनी ने किया। ज्योत्सना सक्सेना और आईआईटी बॉम्बे के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एचबी सिंह सहित कई पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन शशि बाला ने किया। विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता शीला मिश्रा, विभागाध्यक्ष आभा बिश्नोई ने विद्यार्थियों को पूर्व छात्रों के अनुभवों से सीखने और कॅरिअर मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

एनपीटीईएल में चमके लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वयम-एनपीटीईएल जुलाई-दिसंबर 2026 परीक्षा की अखिल भारतीय टापर्स सूची में शानदार प्रदर्शन किया है। आर्याशी त्रिपाठी ने 'मेकिंग लर्निंग एंगेजिंग थ्रू इंटरैक्टिव गेम्स' में 100 और 'इन्क्लूसिव एजुकेशन' में 90 अंक प्राप्त कर शीर्ष एक प्रतिशत में जगह बनाई, जबकि 'बेसिक्स आफ फूड एंड न्यूट्रिशन' में 94 अंक हासिल कर शीर्ष पांच प्रतिशत में स्थान पाया। अर्पित ने 'इंट्रोडक्शन टू मेथड्स आफ एप्लाइड मैथमेटिक्स' में 91 अंक के साथ एक प्रतिशत में जगह बनाई। जावेरिया गयास ने 'बायोडायवर्सिटी फार सस्टेनेबिलिटी' में 99 अंक के साथ दो प्रतिशत में स्थान पाया। (वि.)

NBT

एलयू ने टॉप 600 में बनाई जगह

■ NBT न्यूज, लखनऊ: एलयू ने टाइम्स हायर एजुकेशन इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2027 में वैश्विक पहचान हासिल की है। 102 देशों के 1058 संस्थानों के बीच विवि को 501-600 वैश्विक रैंक बैंड में स्थान मिला है। पूरा स्कोर 35.7-38.3 रहा है। मूल्यांकन में प्रोसेस में 45.8, आउटपुट्स में 35.3 और इनपुट्स में 35.2 अंक मिले। प्रोसेस में बेहतर प्रदर्शन अंतर्विषयी शोध के अनुकूल वातावरण और सहयोग को दर्शाता है। वैसे प्रो. जेपी सैनी ने इसे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन और शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम बताया।

आदि-नमन के दम पर जीता LU

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) ने शानदार जीत दर्ज की। आदि आदेश शुक्ला के 65 रन और कप्तान नमन तिवारी की चालक गेंदबाजी की बदौलत एलयू ने वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी को करारी शिकस्त दी।

पे टीमे भी जीती मां शाकुंभरी, एचएनबी गढ़वाल, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, सीएसजेएम कानपुर, चौधरी रणबीर सिंह, हरकोर्ट बटलर, कुरुक्षेत्र, महर्षि, महाराज रंजीत सिंह पंजाब टेक्निकल, एफएस, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा और जामिया यूनिवर्सिटी।

HINDUSTAN

लखनऊ विश्वविद्यालय की पीजी परीक्षाएं दिसंबर में

लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी है। 19 नवंबर को जारी कार्यक्रम के अनुसार स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। इसमें प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर और इम्प्रूवमेंट के विद्यार्थी शामिल होंगे। जारी समय-सारिणी में एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार, एमबीए, एमए अरबी एवं अरब संस्कृति तथा सभ्यता, एमए संस्कृत, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, जनसंख्या अध्ययन एवं ग्रामीण विकास, अपराध विज्ञान एवं आपराधिक न्याय प्रशासन तथा मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ की परीक्षाएं शामिल हैं।

एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ दिसंबर से

एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 से 19 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की 9 से 18 दिसंबर तक होंगी। एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 से 21 दिसंबर तथा तृतीय सेमेस्टर की 7 से 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। एमए अरबी एवं अरब संस्कृति के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 से 15 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की 1 से 10 दिसंबर तक होंगी।

HINDUSTAN

एलयू में छात्रवृत्ति आवेदकों को राहत मिलने के आसार

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने के बाद भी बायोमीट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को जल्द राहत मिल सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन की पहल पर समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति पोर्टल को दोबारा शुरू करने का आश्वासन दिया है।

विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, शैक्षिक सत्र 2026-27 में छात्रवृत्ति के लिए कुल 13,072 विद्यार्थियों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। इनमें से 10,843 विद्यार्थियों ने ही आवेदन पत्र का प्रिंटआउट विश्वविद्यालय में जमा किया है। वहीं, कई विद्यार्थी बायोमीट्रिक अग्रसारण नहीं होने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं। इस समस्या को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर पोर्टल दोबारा खोलने का अनुरोध किया है।

1976 बैच का स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106 वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत रसायन विज्ञान विभाग में एमएससी रसायन विज्ञान के 1976 बैच का स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। उत्तीर्ण होने के 50 वर्ष पूरे होने पर पूर्व छात्रों ने विभाग को जल शोधक एवं शीतल जल संयंत्र भेंट किया। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशि बाला ने किया तथा शुभारंभ अर्चना श्रीवास्तव के स्वागत गीत से हुआ। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए।

टाइम्स हायर एजुकेशन में एलयू को वैश्विक पहचान

लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। एलयू ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) की अंतर्विषयी विज्ञान रैंकिंग 2027 में 501–600 का वैश्विक स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय का समग्र अंक 35.7–38.3 रहा। इस वर्ष रैंकिंग में 102 देशों एवं क्षेत्रों के कुल 1,058 उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन किया गया।

मूल्यांकन के तीन प्रमुख मानकों में विश्वविद्यालय ने प्रक्रिया श्रेणी में सर्वाधिक 45.8 अंक प्राप्त किए। वहीं शोध परिणाम श्रेणी में 35.3 तथा शोध निवेश श्रेणी में 35.2 अंक हासिल किए। प्रदर्शन अंतर्विषयी अनुसंधान के लिए संस्थागत वातावरण, शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता और अनुसंधान संसाधनों को दर्शाता है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने श्रेय प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन तथा शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया।

अखिल भारतीय श्रेष्ठता सूची में परचम लहराया

एलयू के विद्यार्थियों ने जुलाई-दिसंबर 2026 की स्वयम्-एनपीटीईएल परीक्षा की अखिल भारतीय श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रथम 1 प्रतिशत, प्रथम 2 प्रतिशत, प्रथम 5 प्रतिशत तथा पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

HINDUSTAN

एमकॉम इंटर्नशिप रिपोर्ट का मूल्यांकन 26 को

लखनऊ विश्वविद्यालय के एप्लाइड इकोनॉमिक्स विभाग द्वारा एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप प्रोजेक्ट रिपोर्ट का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षा (वाइवा-वॉइस) 26 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

पीएचडी दस्तावेज सत्यापन 23 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार 23 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे विभाग में उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के साथ उनकी एक स्वप्रमाणित एवं हस्ताक्षरित छायाप्रति लानी होगी। अंकतालिका व प्रमाणपत्र, आवेदन पत्र, फोटो पहचान पत्र तथा लागू होने पर जाति, वर्ग एवं दिव्यांगता प्रमाणपत्र शामिल हैं।

एलयू की दूसरी जीत वीएमएसबी को हराया

लखनऊ। आदि आदेश शुक्ला (65) की उम्दा अर्धशतकीय पारी के बाद कप्तान नमन तिवारी की गेंदबाजी की बदौलत मेजबान लखनऊ यूनिवर्सिटी ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरी जीत अपने नाम की। दूसरी ओर सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी, महर्षि यूनिवर्सिटी और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने भी अपने-अपने मुकाबले बेहतरीन अंदाज में जीते।

एलयू में लखनऊ यूनिवर्सिटी ने वीएमएसबी को 146 रन से हराया।

UNIVERSITY NEWS 20 NOVEMBER 2026

AMRIT VICHAR

लविवि ने वीएमएसबी को 146 रन से किया पराजित

आदि ने लगाया अर्धशतक, कप्तान नमन ने चटकाए चार विकेट

इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आदि आदेश शुक्ला की अर्धशतकीय पारी और कप्तान नमन तिवारी की धारदार गेंदबाजी की बदौलत मेजबान लविवि की टीम ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे मैच में बड़ी जीत दर्ज की। वीएमएसबी को 146 रन से हराया। सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी, महर्षि यूनिवर्सिटी और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने भी मैच जीते।

परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में लविवि ने वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी को 146 रन से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 195 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 49 गेंदों पर छह चौके और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाए। आयुष शर्मा ने 40 और शौर्य सिंह ने 20 रन का योगदान दिया। आदि आदेश और आयुष ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। जवाब में वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी की टीम 13.5 ओवर में 49 रन पर सिमट गई। आकाश बिष्ट और प्रियांशु ममगई (11-11) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। कप्तान नमन तिवारी ने दो ओवर में मात्र तीन रन देकर चार विकेट झटके, जबकि शौर्य सिंह को तीन विकेट मिले।

एनईआर स्टेडियम पर सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी ने गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी को तीन विकेट से हराया। गुरुकुल कांगड़ी ने उदित सैनी (96) की शानदार पारी से सात विकेट पर 186 रन बनाए। जवाब में सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी ने उत्कर्ष यादव (87 रन, 59 गेंद, आठ चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और शिवांशु सचान के 41 रन की मदद से 18.3 ओवर में सात विकेट पर 190 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

आरआर स्टेडियम पर राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी ने श्रेयांश प्रताप सिंह के तूफानी शतक और अमित बघेल व अमन सोनी के अर्धशतकों की मदद से मां पातेश्वरी यूनिवर्सिटी को 177 रन से हराया। राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी ने पांच विकेट पर 289 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। श्रेयांश ने मात्र 37 गेंदों पर नौ चौके और 10 छक्कों से 107 रन बनाए। अमित बघेल ने 27 गेंदों पर नाबाद 60 और अमन सोनी ने 24 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। जवाब में मां पातेश्वरी यूनिवर्सिटी की टीम 12.1 ओवर में 112 रन पर सिमट गई।

छत्तीसगढ़ ने उत्तराखंड पर हासिल की बढ़त

- लखनऊ, अमृत विचार : विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर-16 में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की टीमों ने पहले दिन अपनी स्थिति मजबूत कर ली। महाराष्ट्र ने राजस्थान के खिलाफ पहली पारी में चार विकेट खोकर 280 रन बनाए जबकि छत्तीसगढ़ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए उत्तराखंड की पारी 87 रन पर समेट दी और जवाब में पांच विकेट पर 134 रन बनाकर 47 रन की अहम बढ़त हासिल कर ली। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने उत्तराखंड के बल्लेबाजों को टिकने का मौका नहीं दिया। उत्तराखंड की पूरी टीम 33.4 ओवर में महज 87 रन पर आउट हो गई। साकेत चौहान ने सर्वाधिक 25 और गगन यादव ने 21 रन बनाए। छत्तीसगढ़ के आदित्य क्याडवाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट अपने नाम किए। पहली पारी में पिछड़ने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने संयमित शुरुआत की। दिन की समाप्ति तक टीम ने 58 ओवर में पांच विकेट पर 134 रन बना लिए थे। आदित्य क्याडवाल 54 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके लगाए। आशुतोष ठाकुर ने 35, अनमोल राज सिंह ने 29 और शौर्य जायसवाल ने 22 रन बनाए।

रसायन विभाग में मना स्वर्ण जयंती समारोह

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत गुरुवार को रसायन विज्ञान विभाग में एमएससी 1976 बैच का स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उत्तीर्ण होने के पचास वर्ष पूरे होने पर पूर्व छात्रों ने अपनी मातृ संस्था के प्रति कृतज्ञता जताते हुए विभाग को आरओ जल शोधक एवं वाटर कूलर भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशि बाला और शुभारंभ अर्चना श्रीवास्तव के स्वागत गीत से हुआ।

फोटो : सीएमएस छात्रा

AMRIT VICHAR

लविवि में छात्रवृत्ति के बायोमेट्रिक अग्रसारण को खुलेगा पोर्टल

लखनऊ, अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्राएं, जिनकी छात्रवृत्ति से संबंधित पोर्टल पर बायोमेट्रिक अग्रसारण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है, उनके लिए राहत भरी खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पोर्टल दोबारा शुरू कराने के लिए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा है। विभागीय अधिकारियों ने बायोमेट्रिक अग्रसारण के लिए पोर्टल पुनः प्रारंभ किए जाने का आश्वासन दिया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने सूचना जारी कर संबंधित छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया है कि उनकी छात्रवृत्ति से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

SWATANTRA BHARAT

लखनऊ विवि के विद्यार्थियों ने एनपीटीईएल परीक्षा में हासिल की राष्ट्रीय स्तर पर सफलता



स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जुलाई-दिसंबर 2026 की स्वयं-एनपीटीईएल परीक्षा की अखिल भारतीय टॉपर्स सूची में जगह बनाकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में शीर्ष एक, दो और पांच प्रतिशत के साथ कोर्स टॉपर श्रेणी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। विश्वविद्यालय की स्वयं-एनपीटीईएल समन्वयक प्रो. किरण लता डंगवाल ने विद्यार्थियों को लगातार ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

I NEXT

125 करोड़ रुपए से चमकेगी अपनी लखनऊ यूनिवर्सिटी!

संवरेगा लखनऊ यूनिवर्सिटी कैंपस, इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी नई पहचान

GOOD NEWS

शोध, शिक्षा और छात्र सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 125 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव तैयार

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 Nov): उच्च शिक्षा में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, ऐसे में यूनिवर्सिटीज में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करना जरूरी हो गया है. इसी दिशा में राजधानी स्थित लखनऊ यूनिवर्सिटी अपने कैंपस की शैक्षणिक और भौतिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है. इसका उद्देश्य है कि स्टूडेंट्स को पढ़ाई, शोध, आवास और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बेहतर माहौल मिल सके. इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने केंद्रीय बजट 2027-28 के तहत भारत सरकार को पांच प्रमुख निर्माण परियोजनाओं के प्रस्ताव भेजे हैं, इनकी अनुमानित लागत 125.08 करोड़ रुपये से अधिक है.

आधुनिक ऑडिटोरियम

भेजे गए प्रस्तावों में सबसे बड़ी योजना 1500 लोगों की क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण की है. इसके लिए 49.93 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट रखा गया है. आधुनिक संचार उपकरणों से सुसज्जित इस ऑडिटोरियम में शैक्षणिक गतिविधियों, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, कॉन्फ्रेंस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा हो सकेगी.



तकनीकी संसाधनों का विस्तार

वहीं, जानकारों का कहना है कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का विज्ञान केवल भवन निर्माण तक ही सीमित नहीं होना चाहिए. आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल परिसर, शोध केंद्र और तकनीकी संसाधनों का विस्तार भी आधुनिक समय की डिमांड है. इन सुविधाओं से स्टूडेंट्स को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक और शोधपरक शिक्षा हासिल करने का भी भरपूर अवसर मिलेगा.

टाइप फोर आवासीय ब्लाक

शिक्षकों के लिए टाइप-4 आवासीय ब्लॉक बनाने का प्रस्ताव है. इसमें 28 फ्लैट बनाए जाने की योजना है. जिस पर लगभग 24.99 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. गर्ल्स की आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 200 बेड के गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण का भी प्रस्ताव है. इसके लिए 22.38 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है.

रिसर्च के लिए बनेगी पहचान

लखनऊ यूनिवर्सिटी के सामने अब इन प्रस्तावों को बजट की मंजूरी दिलाने और चरणबद्ध तरीके से जमीन पर उतारने की बड़ी चुनौती है. यदि योजनाओं को स्वीकृति मिलती है तो लखनऊ यूनिवर्सिटी का कैंपस आने वाले वर्षों में अधिक आधुनिक, सुविधायुक्त और शोध केंद्रित स्वरूप में विकसित हो सकता है. इससे विदेशी स्टूडेंट्स भी आकर्षित होंगे.

रिसर्च स्कॉलर्स हॉस्टल

रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च स्कॉलर्स हॉस्टल बनाने की योजना भी प्रस्तावित है. इसके निर्माण पर करीब 11.38 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. इससे शोधार्थियों को यूनिवर्सिटी परिसर में बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी. वहीं, 16.39 करोड़ रुपये की लागत से अतिथिगृह निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल है.

> यूनिवर्सिटी का उद्देश्य केवल बेहतर शैक्षणिक परिणाम देना नहीं, बल्कि स्टूडेंट्स को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है. आधुनिक ऑडिटोरियम, छात्रावास और शोधार्थियों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित होने से शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी.
>
> प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, पीआरओ, लखनऊ यूनिवर्सिटी

LUCKNOW CALLING!
एलयू में सुविधाएं बढ़ने से स्टूडेंट्स को क्या-क्या फायदे होंगे?
हमें जाइनअप करें
8808381578

AMRIT VICHAR

लविवि | परीक्षा नियंत्रक ने जारी किया कार्यक्रम, शाम को 2 से 5 बजे तक होगी परीक्षा

पहली दिसंबर से होंगी विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विषम सेमेस्टर परीक्षा-2026 की तैयारियों को तेज करते हुए विभिन्न परास्नातक पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम और बीकॉम ऑनर्स के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक की ओर से गुरुवार को जारी सूचना के अनुसार ज्यादातर पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं एक दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं दूसरी पाली में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम के तहत कला संकाय के अंतर्गत मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 11 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं एक से 12 दिसंबर तक होंगी। मास्टर ऑफ पॉपुलेशन स्टडीज एंड रूरल डेवलपमेंट प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दो से 11 दिसंबर तथा तृतीय सेमेस्टर की एक से 10 दिसंबर तक निर्धारित की गई है।संस्कृत विभाग के अंतर्गत परास्नातक संस्कृत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दो से 15 दिसंबर तक और तृतीय सेमेस्टर (ग्रुप ए, बी, सी व डी) की परीक्षाएं एक से 10 दिसंबर तक संपन्न होंगी। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 10 से 19 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा नौ से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह अरबी विभाग के अंतर्गत एमए अरबी व अरब कल्चर एंड सिविलाइजेशन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 15 दिसंबर और तृतीय सेमेस्टर की एक से 10 दिसंबर तक होंगी।

प्रबंधन संकाय (फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) के तहत एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 21 दिसंबर तक और एमबीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा सात से 22 दिसंबर तक पुराने परिसर (ओल्ड कैंपस) में आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने बीकॉम (ऑनर्स) विषम सेमेस्टर परीक्षा-2026 के लिए शहर के 13 कॉलेजों और पुराने परिसर को परीक्षा केंद्र बनाया है। परीक्षा नियंत्रक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संभावित बदलाव की जानकारी के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.lkouniv.ac.in) का नियमित अवलोकन करते रहें।

बीकॉम ऑनर्स के प्रमुख परीक्षा केंद्र

- लविवि (पुराना परिसर), शिया पीजी कॉलेज (सीतापुर रोड), कालीचरण पीजी कॉलेज (हरदोई रोड), केकेसी (स्टेशन रोड), गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज (चारबाग), हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज (सरोजिनी नगर), रमा डिग्री कॉलेज (चिनहट), लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (गोमती नगर), दयानंद यादव डिग्री कॉलेज, रजत पीजी कॉलेज (चिनहट), कैरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज (विकास नगर), इरम गर्ल्स कॉलेज (इंदिरा नगर), गोयल इंस्टीट्यूट (फैजाबाद रोड) और टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज (अनोरा, फैजाबाद रोड)।

परीक्षा कार्यक्रम

- एमबीए प्रथम सेमेस्टर : 8 से 21 दिसंबर तक
- एमबीए तृतीय सेमेस्टर : 7 से 22 दिसंबर तक
- एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर : 10 से 19 दिसंबर
- एमएजेएमसी तृतीय सेमेस्टर : 9 से 18 दिसंबर तक
- एमएसडब्ल्यू प्रथम व तृतीय सेमेस्टर : 1 से 12 दिसंबर तक
- पॉपुलेशन स्टडीज प्रथम व तृतीय सेमेस्टर : 1 से 11 दिसंबर तक
- परास्नातक संस्कृत प्रथम व तृतीय सेमेस्टर : 1 से 15 दिसंबर तक
- एमए अरबी व अरब कल्चर प्रथम व तृतीय सेमेस्टर : 1 से 15 दिसंबर तक

AMRIT VICHAR

लविवि को मिली इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग में जगह

लखनऊ, अमृत विचार : उच्च शिक्षा और अंतर्विषयी वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। वैश्विक रैंकिंग एजेंसी टीएचई द्वारा श्मिट साइंस फेलोज के सहयोग से जारी ''इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2027'' में विश्वविद्यालय को 501-600 के वैश्विक रैंक बैंड में स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने 35.7-38.3 का समग्र स्कोर अर्जित किया है। इस वर्ष रैंकिंग में 102 देशों एवं क्षेत्रों के कुल 1,058 उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन किया गया था।

लविवि के विद्यार्थी देश की टॉपर सूची में

लखनऊ, अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वयम एनपीटीईएल परीक्षा की अखिल भारतीय टॉपर्स सूची में स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में टॉप 1 प्रतिशत, टॉप 2 प्रतिशत, टॉप 5 प्रतिशत और कोर्स टॉपर जैसी श्रेणियों में प्रदर्शन किया है। कुलपति प्रो. जेपी. सैनी ने उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है।

एलयू ने वीएमएसबी को 146 रन से दी मात

कप्तान नमन तिवारी ने शानदार बॉलिंग कर लिए चार विकेट

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 Nov): नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में मेजबान लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी जीत दर्ज की. परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में एलयू ने वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी को 146 रन से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए एलयू ने सात विकेट पर 195 रन बनाए. आदि आदेश शुक्ला ने 65, आयुष शर्मा ने 40 और शौर्य सिंह ने 20 रन बनाए, खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया.



49 रन पर सिमट गई टीम

जवाब में वीएमएसबी की टीम 13.5 ओवर में 49 रन पर सिमट गई. कप्तान नमन तिवारी ने तीन रन देकर चार विकेट झटके, जबकि शौर्य सिंह को तीन विकेट मिले. अन्य मुकाबलों में सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी ने गुरुकुल कांगड़ी को तीन विकेट से, राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी ने मां पातेश्वरी यूनिवर्सिटी को 177 रन से और महर्षि यूनिवर्सिटी ने श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिवेन्त्री यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से हराया. कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने गलगोटिया यूनिवर्सिटी को पांच विकेट से शिकस्त दी.

I NEXT

एलयू में पीएचडी के इंटरव्यू 23 को

लखनऊ यूनिवर्सिटी के समाज कार्य विभाग में पूर्णकालिक पीएचडी (2026-27) के कैंडीडेट्स का डाक्यूमेंट्स सत्यापन और इंटरव्यू 23 नवंबर को सुबह 10 बजे होगा. एचओडी प्रो. राकेश द्विवेदी के अनुसार कैंडीडेट्स को सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रति, स्वप्रमाणित छायाप्रति, पीएचडी सिनाप्सिस और प्रेजेंटेशन लाना होगा.

UNIVERSITY NEWS 20 NOVEMBER 2026

DAINIK JAGRAN

पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव



लवि मे एमएससी 1976 बैच के स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन में कुलपति व पूर्व छात्र ● लवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह के तहत रसायन विज्ञान विभाग में एमएससी 1976 बैच के पूर्व छात्रों का स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन आयोजित किया गया। पूर्व छात्रों ने विभाग को आरओ जल शोधक और वाटर कूलर भेंट किया। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इसका उद्घाटन किया।

डीन साइंस प्रो. शीला मिश्रा ने विद्यार्थियों से एआइ का जिम्मेदारी से उपयोग करने का आह्वान किया। विभागाध्यक्ष प्रो. आभा बिश्नोई ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया। इस दौरान आइआइटी बाम्बे के सेवानिवृत्त प्रो. एचबी सिंह, डा. जीसी श्रीवास्तव, डा. एचपी द्विवेदी और डीएवी कालेज देहरादून की पूर्व शिक्षिका डा. ज्योत्सना सक्सेना ने विश्वविद्यालय में अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। वि.

लखनऊ विश्वविद्यालय की लगातार दूसरी जीत

लखनऊ : नार्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्टार बल्लेबाज आदेश शुक्ला की शानदार अर्धशतकीय पारी और कप्तान नमन तिवारी के सटीक लाइन-लेंथ की बदौलत लगातार दूसरी जीत दर्ज की। परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में लवि ने वीएमएसबी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय को 146 रन से करारी शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए लवि ने सात विकेट पर 195 रन बनाए। आदि आदेश शुक्ला ने 49 गेंदों पर 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि आयुष शर्मा ने 40 रन का योगदान दिया। जवाब में उत्तराखंड की टीम 13.5 ओवर में महज 49 रन पर सिमट गई। एक भी बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं सके। उत्तर प्रदेश टी-20 लीग में अपनी छाप छोड़ने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने सिर्फ तीन रन देकर चार विकेट झटके, जबकि शौर्य सिंह को तीन सफलताएं मिलीं।

अन्य मुकाबलों में राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय ने मां पातेश्वरी विश्वविद्यालय को 177 रन से हराया। श्रेयांश प्रताप सिंह ने 37 गेंदों पर 107 रन की तूफानी पारी खेली। सीएसजेएम कानपुर विश्वविद्यालय ने गुरुकुल कांगड़ी को तीन विकेट से शिकस्त दी। उत्कर्ष यादव ने 87 रन बनाए। वहीं, महर्षि विश्वविद्यालय ने श्री गुरु गोविंद सिंह विश्वविद्यालय को नौ विकेट से और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने गलगोटिया विश्वविद्यालय को पांच विकेट से पराजित किया। (वि.)

कई कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ : लवि ने विषम सेमेस्टर की परास्नातक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। एमबीए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ दिसंबर से शुरू होंगी। परास्नातक संस्कृत की परीक्षाएं एक दिसंबर और पत्रकारिता एवं जनसंचार की परीक्षाएं नौ दिसंबर से शुरू होंगी। सभी परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी।

एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आठ को मार्केटिंग मैनेजमेंट, 10 को मैनेजरियल इकोनामिक्स, 12 को आर्गनाइजेशनल बिहेवियर एंड मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज, 16 दिसंबर को क्वांटिटेटिव टेक्नीक्स की परीक्षा 18 दिसंबर को होगी। (वि.)

AAJ

लखनऊ विश्वविद्यालय की जीत में आदेश-नमन चमके

आज खेल समाचार सेवा



लखनऊ। आदि आदेश शुक्ला (65) की उम्दा अर्धशतकीय पारी के बाद कप्तान नमन तिवारी की धारदार गेंदबाजी की बदौलत मेजबान लखनऊ यूनिवर्सिटी ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में दूसरी जीत अपने नाम की। दूसरी ओर सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी, महर्षि यूनिवर्सिटी और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने भी अपने-अपने मुकाबले बेहतरीन अंदाज में जीते।एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में लखनऊ यूनिवर्सिटी ने वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी को 146 रन से शिकस्त दी। लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 195 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 49 गेंदों पर छह चौके और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाए। आयुष शर्मा ने 40 और शौर्य सिंह ने 20 रन का योगदान दिया। आदि आदेश और आयुष ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। जवाब में वीएमएसबी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी की टीम 13.5 ओवर में 49 रन पर सिमट गई। आकाश बिष्ट (13) और प्रियांशु ममगई (1) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। एलयू के कप्तान नमन तिवारी ने दो ओवर में मात्र तीन रन देकर चार विकेट झटके, जबकि शौर्य सिंह को तीन विकेट मिले। एनईआर स्टेडियम पर सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी ने गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी को तीन विकेट से हराया। गुरुकुल कांगड़ी ने उदित सैनी (96) की शानदार पारी से सात विकेट पर 186 रन बनाए। जवाब में सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी ने उत्कर्ष यादव (87 रन, 59 गेंद, आठ चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और शिवांशु के 41 रन की मदद से 18.3 ओवर में सात विकेट पर 190 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। आरआर स्टेडियम पर राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी ने श्रेयांश प्रताप सिंह के तूफानी शतक और अमित बघेल व अमन सोनी के अर्धशतकों की मदद से मां पातेश्वरी यूनिवर्सिटी को 177 रन से हराया। राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी ने पांच विकेट पर 289 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। श्रेयांश ने मात्र 37 गेंदों पर नौ चौके और 10 छक्कों से 107 रन बनाए। अमित बघेल ने नाबाद 60 और अमन सोनी ने 61 रन की पारी खेली। जवाब में मां पातेश्वरी यूनिवर्सिटी की टीम 12.1 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। रुद्रांश क्रिकेट अकादमी मैदान, गोमतीनगर पर महर्षि यूनिवर्सिटी ने श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिचेन्त्री यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम नौ विकेट पर 106 रन ही बना सकी।